तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

15 कांग्रेस ने देश को उलझाया, पीएम मोदी ने बढ़ाया मान...



16 साहू सदन के निरीक्षण में पहुंचे विधायक रोहित का...



[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



Sanjeevani Multispeciality Hospital
संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य
आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।
4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण
ADMISSION OPEN 2026-27
उपलब्ध कोर्स
OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN
संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने?
अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता
एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## अनदेखी : यात्री खुले आसमान के नीचे बस का इंतजार करने को मजबूर

# नवापारा शहर बेहाल, 4 किमी के मुख्य मार्ग पर एक भी यात्री प्रतीक्षालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

एक बड़ी आबादी और अंचल का प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के बावजूद गोबरा-नवापारा शहर आज भी प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। रायपुर से गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग को जोड़ने वाला यह एकमात्र मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना हजारों की संख्या में यात्री, व्यापारी और ग्रामीण गुजरते हैं। इसके अलावा, शिक्षा का बड़ा केंद्र होने के कारण हजारों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इस शहर में पढ़ने आते हैं। अब चूंकि मानसून कुछ ही दिन में शुरू होने वाला है, ऐसे में यात्रियों को बसों और अन्य वाहनों की प्रतीक्षा के दौरान सिर छिपाने के लिए एक अदद आशियाने की सख्त दरकार है। लेकिन विडंबना देखिए कि मुख्य मार्ग पर एक भी यात्री प्रतीक्षालय (बस शेड) नहीं होने के कारण यात्रियों को या तो किसी दुकान के शेड के नीचे शरण लेनी पड़ती है या फिर कड़कड़ाती धूप और बारिश की बौछारों के बीच भीगते हुए गाड़ियों का इंतजार करना पड़ता है।

### छोटे गांवों में बने प्रतीक्षालय, पर नवापारा की अनदेखी क्यों?

हैरानी की बात यह है कि महानदी पुल से लेकर कुर्रा तक के लगभग 4 किलोमीटर के इस व्यस्ततम मार्ग पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा एक भी यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं कराया गया है। जबकि इसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत अभनपुर और राजिम के आगे कई छोटे-छोटे गांवों में सड़कों के किनारे सर्वसुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के मामले में इस प्रमुख शहर के साथ सरासर सौतेला व्यवहार किया गया है।



फाइल फोटो

### 5 जगहों पर यात्री प्रतीक्षालय की आवश्यकता

कुर्रा से लेकर राजिम पुल तक के 4 किलोमीटर के दायरे में छात्र-छात्राओं और आम यात्रियों की सुविधा के लिए कम से कम 5 यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण होना बेहद जरूरी है। इस मार्ग पर प्रमुख रूप से:- 1. शासकीय कन्या महाविद्यालय के पास 2. शासकीय कन्या शाला के पास 3. गार्डन के समीप
4. मैडम चौक 5. राजिम पुल के पास


फाइल फोटो

### मवेशियों का अड्डा बना फोरलेन का बंजर डिवाइडर

नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान गुणवत्ता और प्लानिंग को लेकर भी अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। महानदी पुल से कुर्रा तक बने 4 किलोमीटर के फोरलेन सड़क का डिवाइडर आज भी पूरी तरह बंजर पड़ा है। पर्यावरण और हरियाली के लिहाज से पौधे लगाने के लिए छोड़े गए इस 4 फीट चौड़े डिवाइडर में आज तक प्रशासन या विभाग द्वारा पौधे नहीं रोपे गए हैं, जिसके चलते अब यह डिवाइडर आवारा मवेशियों के बैठने का सुरक्षित अड्डा बन चुका है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## योग सिर्फ एक दिन की औपचारिकता नहीं इसे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। उस दिन सभी स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और तमाम सभी जगहों पर जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख, सभी अधिकारी, कर्मचारी, मुख्य मंत्री से लेकर संत्री तक योगा करेंगे। योग प्रशिक्षक यादव ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यदि हम अपने शरीर को सदा स्वस्थ और निरोगी रखना चाहते हैं, तो केवल एक दिन (21 जून) को योग करने से काम नहीं चलेगा। योग को औपचारिकता न मानकर, आजीवन अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। यादव ने आगे कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग एक अचूक औषधि है। नियमित योग और प्राणायाम के बल पर कैंसर, डाइबिटीज, बीपी और हृदय रोग बड़ी से बड़ी और असाध्य बीमारियों को न सिर्फ नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि उन्हें समूल ठीक भी किया जा सकता है। इसमें मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होने के साथ यह भी जरूरी है कि आप इसका नियमित अभ्यास करें। अगर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के बाद आप वापस उसी निष्क्रिय जीवनशैली में लौट रहे हैं, तो आप गलती कर रहे हैं। योग का नियमित अभ्यास आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करें, जैसे पर्याप्त आहार और आराम। आदर्श रूप से घर का बना भोजन, और अनावश्यक रूप से भोजन छोड़ने से बचें। रात को पर्याप्त नींद लें क्योंकि जागना और तरोताजा महसूस करना इसी पर निर्भर करता है।

## खबर संक्षेप

### दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहारगुड़ा खामभाठा से सनसनी खेज खबर सामने आई है कक्षा दसवीं में पढ़ाई करने वाले होनहार एक छात्र ने गांव से कुछ दूर में एक वृक्ष पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।



इसकी जानकारी लगते ही पूरे क्षेत्र मे हंडकंप मच गया। छात्र की मौत से परिवार और गांव मे मातम पसर गया है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जॉच किया जा रहा है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 06 किमी दूर ग्राम देहारगुड़ा खामभाठा निवासी और कक्षा दसवीं के छात्र प्रवीण कुमार नेगी उम्र 15 वर्ष 18 जून को सुबह 8 बजे घर में नाश्ता कर बिना बताए चले गया और देर रात तक नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उनकी खोज खबर प्रारंभ किया। आज दूसरे दिन 19 जून को गांव से कुछ दूर देहारगुड़ा अचानपुर मार्ग खार में एक कुसुम पेड़ पर छात्र प्रवीण कुमार का शव फांसी में लटकते मिला यह जानकारी लगते ही गांव व क्षेत्र मे हड़कंप मच गई बड़ी संख्या मे ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे मामले की जानकारी मैनपुर थाना को दिया गया मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा व आव"यक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्डम करवाकर परिजनो को सौप दिया वही पुलिस द्वारा मामले की जॉच किया जा रहा है छात्र ने ऐसे आत्मघाती कदम क्यो उठाया कारण का अभी तक पता नही चला है। मिली जानकारी के अनुसार छात्र प्रवीण कुमार इस वर्ष 9वीं कक्षा पासकर 10वीं मे पढ़ाई कर रहा था और पहले दिन स्कूल भी गया था साथ ही वह काफी होनहार छात्र था खेलकूद तथा पेंटिग मे उनकी गहरी रूची थी उनके शिक्षके के अनुसार छात्र खेलकूद प्रतियोगिता मे कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके है लेकिन छात्र द्वारा फांसी लगाये जाने की घटना से हड़कंप मच गई है।

### पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई केवाईसी कराना अनिवार्य

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। श्रम पदाधिकारी जयंती बंसल ने बताया कि ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्य मंडल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिन पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, वे योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र अथवा च्वाइस सेंटर में जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा।

## महानदी पुल पर अनियंत्रित होकर लटका ट्रैक्टर, चालक नदी में कूदा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शुक्रवार सुबह नवापारा के बेलाहीघाट महानदी पुल में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर मगरलोड के नवागांव की ओर से नवापारा आ रहा था कि अचानक अनियंत्रित होकर पुल के लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए ट्रैक्टर का इंजन वाला भाग नीचे की ओर लटक गया। देखते ही देखते घटनास्थल की ओर लोग दौड़ पड़े। ट्रैक्टर की आगे की मुंडी पुल से नीचे हवा में झूलती रही, जबकि पीछे लगी ट्रॉली पुल के ऊपर ही फंसी रह गई। इस खतरनाक स्थिति में ट्रैक्टर चालक रवि नीचे कुदकर अपनी जान बचाई। यह दुर्घटना नदी के एक छोर के किनारे हुई जहां पर पानी नहीं था। हादसा इतना भयावह था कि उसे देखकर लोगों की सांसें थम गईं। चालक रवि ने बताया कि पुल पर कुछ कारें खड़ी थीं, जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते ट्रैक्टर रेलिंग तोड़कर पुल के किनारे लटक गया। हर कोई पुल से नीचे झूल रहे ट्रैक्टर को देखकर हैरान थे। लोगों ने चालक के बचने को लेकर किस्मत का साथ बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रैक्टर पूरी तरह नदी में गिर जाता या पुल पर अन्य वाहन उसकी चपेट में आ जाते, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। बहरहाल क्रेन बुलाकर ट्रैक्टर को वापस सुरक्षित निकाल लिया गया। बता दें कि नवापारा शहर में सुबह-सुबह रोज दर्जनो ट्रैक्टर रेत भरकर काफी रफ्तार में आती-जाती है चूंकि उस समय न तो माइनिंग वाले आए होते है और न ही आरटीओ या पुलिस। ट्रैक्टर ड्राइवर मनमाने रफ्तार में दौड़ाते है जिसे हर कोई देखता है।

### दान के नाम पर महिला समिति के खाते का दुरुपयोग, मामला दर्ज

**अभनपुर।** अभनपुर निवासी एवं नारी शक्ति महिला विकास समिति की अध्यक्ष कविता सारथी ने दान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर समिति के बैंक खाते का दुरुपयोग किए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार अप्रैल 2025 में छिंदवाड़ा निवासी राहुल और स्वयं को राजवीर सिंह बताने वाले व्यक्ति ने समिति को 25 लाख रुपये का दान दिलाने का झांसा दिया था। कविता सारथी के अनुसार राहुल के माध्यम से उनकी मुलाकात नागपुर में राजवीर सिंह से हुई, जिसने अपनी कंपनी द्वारा समिति की महिलाओं के लिए सिलाई मशीन खरीदने हेतु 25 लाख रुपये दान देने की बात कही। इस दौरान समिति से संबंधित दस्तावेज, बैंक खाता विवरण, ईमेल आईडी, क्यूआर कोड तथा इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी वाली फाइल भी दिखाई गई। अगले दिन कंपनी से मुलाकात कराने का आश्वासन देकर राजवीर सिंह होटल से निकल गया और फिर उसका मोबाइल बंद हो गया। इसके कुछ समय बाद विभिन्न लोगों के फोन आने लगे, जिन्होंने समिति के खाते में राशि जमा होने और उसे वापस करने की मांग की। बैंक में जानकारी लेने पर पता चला कि समिति के खाते में बड़ी मात्रा में रकम जमा हुई थी, जिसे तत्काल अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। खाते में शेष लगभग 34-35 हजार रुपये में से 30 हजार रुपये निकालकर खाते को होल्ड कराया गया। पीड़िता को आशंका है कि आरोपियों ने समिति को दान दिलाने के नाम पर विश्वास में लेकर बैंकिंग संबंधी जानकारी का दुरुपयोग किया और खाते के माध्यम से संदिग्ध वित्तीय लेनदेन किए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस 3(5),318(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## वीरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस के कारण ग्राम सभा की तिथि बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

सरपंच संघ एवं आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक इकाई छुरा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिनांक 24 जून 2026 को प्रस्तावित ग्राम सभा की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की गई है।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सरपंच संघ छुरा के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव एवं आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक इकाई छुरा के महासचिव गंगा राम नेताम ने किया। इस दौरान सरपंच संघ छुरा के पदाधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचगण तथा आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 24 जून का दिन आदिवासी समाज के लिए अत्यंत गौरव एवं श्रद्धा का दिवस है।



इस दिन सम्पूर्ण देश में वीरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस मनाया जाता है। जिले सहित छुरा विकासखंड में भी आदिवासी समाज, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि निर्धारित तिथि पर ग्राम सभा आयोजित होने से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच तथा ग्रामीणजन शहादत दिवस कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे, जिससे ग्राम सभा में अपेक्षित जनभागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। ग्राम सभा ग्रामीण विकास एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने का प्रमुख मंच है, इसलिए इसकी सफलता के लिए व्यापक सहभागिता आवश्यक है।

**तिथि नहीं बदली तो प्रभावित होगी जनभागीदारी-** इस संबंध में सरपंच संघ छुरा एवं आदिवासी विकास परिषद ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि आदिवासी समाज की भावनाओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए 24 जून 2026 को ▸▸ शेष पेज 14 पर

### बर्फीली चोटियों पर तिरंगा फहराने रवाना हुआ दल

# हिमाचल की 17388 फीट ऊंची फ्रेंडशिप पीक फतह करने जिले की 6 बेटियां रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

हौसला बुलंद हो तो कोई भी ऊंचाई मुश्किल नहीं होती। इसी जज्बे के साथ गरियाबंद जिले की छह बेटियां हिमाचल प्रदेश की 17,388 फीट ऊंची फ्रेंडशिप पीक पर तिरंगा फहराने के उद्देश्य से रवाना हुई हैं। इस दल का नेतृत्व युवा ट्रेकर कनक लता सिंह कर रही हैं, जिनका यह तीसरा बड़ा पर्वतारोहण अभियान है।

हिमाचल प्रदेश की पीर पंजाल पर्वतमाला में स्थित फ्रेंडशिप पीक समुद्र तल से लगभग 5,300 मीटर (17,388 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। सोलंग वैली से शुरू होने वाला यह



ट्रेक बर्फीली ढलानों, ग्लेशियरों और कठिन चढ़ाई के कारण उत्तर भारत के चुनौतीपूर्ण सेमी-टेक्निकल अभियानों में शामिल माना जाता है। कनक लता सिंह इससे पहले 12,500 फीट ऊंचे केदारकांठा ट्रेक और 14,700 फीट ऊंचे हमटा पास ट्रेक को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी हैं। लगातार बढ़ती ऊंचाइयों को चुनौती देकर वह जिले की युवतियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

**देशभर में जिला और प्रदेश का नाम करेंगी रोशन-** अभियान में शामिल प्रतिभागी कनक लता सिंह, पिता सत्यनारायण सिंह, गरियाबंद, डिगेश्वरी ध्रुव, पिता हिरऊ राम ध्रुव, गरियाबंद, अम्बा तारक, पिता एवस राम तारक, ग्राम पोड़, गरियाबंद, खिलेश्वरी कश्यप, पिता -त्रिलोक कश्यप, ग्राम पोड़, गरियाबंद, कोमिता साहू, पिता दुष्यंत साहू, ग्राम पोड़, गरियाबंद, अंजू निषाद, पिता-सुरेश निषाद, ग्राम मंदरौद, जिला धमतरी, ग्रामीण अंचलों से ▸▸ शेष पेज 14 पर

## शहीद स्मारक को बिना क्षति पहुंचाए, बनाएं सूखा नाला पुल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

सर्व आदिवासी समाज एवं ध्रुव गौड़ समाज सर्कल दुल्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, सांसद विधायक को पत्र लिख कर पुल पुराने सर्वे में बनाने की मांग की है। ग्राम कोसमबुड़ा (विकासखंड छुरा) में सूखा नाला पर प्रस्तावित पुल का निर्माण वर्तमान में जिस दिशा एवं स्थान पर प्रस्तावित है, उससे क्षेत्र के वीर सपूत शहीद महेंद्र ध्रुव जी के स्मारक को गंभीर क्षति पहुंचने की संभावना है। यह स्मारक क्षेत्रवासियों की श्रद्धा, सम्मान एवं गौरव का प्रतीक है। शहीद महेंद्र ध्रुव जी ने देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया है और उनका स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यदि पुल का निर्माण वर्तमान प्रस्तावित स्थल पर किया जाता है, तो स्मारक की संरचना, ▸▸ शेष पेज 14 पर

# महिला स्व-सहायता समूह करेंगे सब्जी व मसालों की खेती, ताकि बच्चों को मिले ताजा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मंत्रालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सह संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य की सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को योजना के तहत अनिवार्य रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि स्कूलों में योजना के संचालन की लगातार जमीनी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और भोजन पकाने के लिए नियमित रूप से रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

### गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना और सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन पकाने की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों और उनके आस-पास स्थित स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन तैयार कर सप्लाई किया जाना चाहिए, ताकि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, संचालक नागरिक आपूर्ति निगम इफ्फत आरा सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### शहर के साथ-साथ समीपस्थ क्षेत्रों में भी सेंट्रल किचन से सप्लाई

**पीएम पोषण शक्ति योजना : समीक्षा में दिए गए निर्देश**



### आमदनी में होगा इजाफा

योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण से जोड़ते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे भोजन तैयार करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों को सब्जी और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। इससे स्कूलों में बच्चों को ताजी व हरी सब्जियां मिलेंगी और साथ ही इन महिला समूहों की आमदनी में भी इजाफा होगा।गौरतलब है, राज्य के 56 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में यह योजना संचालित है। इन स्कूलों के माध्यम से 29 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दैनिक रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण दिया जा रहा है। भोजन तैयार करने के कार्य में 86 हजार से ज्यादा रसोइया जुड़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### 23 को कैबिनेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक 23 जून को 11.30 बजे मंत्रालय में बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी और लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही खरीफ सीजन और आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।

### भारतीय वन सेवा के सात अफसरों का स्थानांतरण

**रायपुर ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गुरुवार को सात भारतीय वन अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक कांकेर सीसीएफ राजेश कुमार चंदेले, जगदलपुर सीसीएफ आलोक तिवारी का स्थानांतरण वन मुख्यालय किया गया है। इसी तरह राम अवतार दुबे मुख्य वन संरक्षक कार्योजना बिलासपुर राज्य वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बनाए गए हैं। वन मुख्यालय में वन संरक्षक के पद पर पदस्थ विवेकानंद झा कांकेर के प्रभारी सीसीएफ बनाए गए हैं। लक्ष्मण सिंह का वन मुख्यालय से स्थानांतरण बिलासपुर किया गया है, वे वहां वन संरक्षण कार्य योजना मंडल के प्रभारी होंगे। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर स्टायलो मंडावी को सीसीएफ जगदलपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी निर्मला खेस का स्थानांतरण रायपुर जिला वन अधिकारी, अनुसंधान एवं विस्तार प्रभाग किया गया है। वन मुख्यालय में संपदा अधिकारी के पद पर पदस्थ अनिमेश गोवर्धन को वन मुख्यालय में ही वन उप संरक्षक (रोकड़) के पद पर स्थानांतरण किया गया है।

### योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय अग्रवाल

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर बिलासपुर निवासी संजय अग्रवाल को नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार योग को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम मानती है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन और सकारात्मकता का भी संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जन-जागरूकता एवं योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### ओवररेट पर शराब बिक्री तीन अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में उड़नदस्ता की रिपोर्ट पर आबकारी विभाग के तीन अफसरों को निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार, उड़नदस्ता टीम दुर्ग ने अंजोरा में ओवररेट पर शराब बेचे जाने के मामले में जांच की, जिसमें आबकारी उप निरीक्षक हरिश पटेल की लापरवाही होने की बात कही गई। वहीं कांकेर जिले के दुर्गकोंदल में बीयर की अधिक दर पर बिक्री के मामले में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भानुप्रतापपुर ओमप्रकाश को लापरवाह मानते हुए निलंबित किया गया है। तीसरा मामला सरगुजा जिले का है, जहां विदेशी कम्पोजिट दुकान बौरीपारा में अधिक दर पर मदिरा बेचने के मामले में अंबिकापुर वृत्त के उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को निलंबित किया गया है।

### प्रति एकड़ फसल तैयार करने में अब 25 हजार रुपए से अधिक लागत

# महंगाई ने तोड़ी किसानों की कमर, खाद, बिजली जोताई-रोपाई सभी की कीमत डेढ़ गुना तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


खास खबर

महंगाई की मार किसानों की कमर तोड़ रही है। एक ओर जहां सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश की किल्लत के कारण किसानों को महंगे दाम पर बाजार से ये सभी चीजें खरीदनी पड़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर डीजल-पेट्रोल एवं बिजली की दरें बढ़ने के कारण रोपाई-जोताई का खर्च भी डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। मजदूरी अलग। इस तरह प्रति एकड़ धान की फसल तैयार करने में पहले जहां लगभग 15 से 17 हजार रुपए तक खर्च आता था, वहीं सभी चीजों की कीमत बढ़ने के बाद अब 25 हजार रुपए से अधिक खर्च करना पड़ेगा। हरिभूमि से बातचीत करते हुए कुछ किसानों ने बताया कि डीजल-पेट्रोल, बिजली, मजदूरी सभी की कीमत बढ़ गई है, जिससे खेती करना भी मुश्किल होता जा रहा है। अगर महंगाई इसी तरह बढ़ती रही, तो आगामी दिनों में छोटे किसानों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। महंगाई के कारण वे खेती करना भी बंद कर सकते हैं।

हरिभूमि ने गुरुवार को बढ़ती महंगाई का असर किसानों पर कितना पड़ा है, इसकी पड़ताल करने छोटे-बड़े कई किसानों से बातचीत की। इस पड़ताल में पता चला कि बढ़ती महंगाई अब किसानों की कमर तोड़ रही है। किसानों के लिए कोई भी फसल तैयार करने में लगने वाली लागत पिछले कुछ वर्ष में डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गई है। प्रदेश में खेती का रकबा लगातार घटने का एक बड़ा कारण यह भी है। लागत बढ़ने के कारण छोटे किसानों को कर्ज लेना पड़ता है, वहीं अगर फसल मनचाही तैयार नहीं हुई, या किसी प्रकार की आपदा की स्थिति आने पर फसल को नुकसान होता है, तो उनकी कमाई और कम हो जाती है। कई बार तो प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल तैयार करने में लगाई गई लागत भी निकल नहीं पाती।

### डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से हार्वेस्टिंग, ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बढ़ा

देश इन दिनों ईंधन के संकट से गुजर रहा है, जिसके कारण डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ा दी गई है। फसल तैयार होने के बाद कटाई के लिए किसान अब हार्वेस्टिंग का उपयोग करते हैं। पिछले खरीफ सीजन में प्रति एकड़ फसल में हार्वेस्टिंग का खर्च जहां दो हजार रुपए था, वहीं डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से इस बार ढाई हजार रुपए तक पहुंच गया है।









### प्रति एकड़ धान की फसल की लागत इस वर्ष डेढ़ गुना बढ़ी

| | पिछले वर्ष | इस वर्ष |
|---|---|---|
| यूरिया | 266.50 | 266.50 |
| डीएपी | 1350 | 1350 |
| पोटाश | 1975 | 1975 |
| जोताई दो बार | 4000 | 6000 |
| रोपाई | 6000 | 8000 |
| बीज | 1700 | 1700 |
| हार्वेस्टिंग | 2000 | 2500 |
| पानी, बिजली, मजदूरी सहित अन्य खर्च. | 3000 | 5000 |

### रोपाई भी 6 हजार की जगह 8 हजार में

किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ रोपाई करने में पहले दो हजार रुपए तक लागत आती थी, लेकिन इस बार 7 से 8 हजार रुपए तक हो गई है। डीएपी, यूरिया, पोटाश, उर्वरक ज्यादातर बाजार से महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। इसके कारण इसकी लागत भी डेढ़ से दोगुना तक ज्यादा लगती है। सोसाइटी में जिस डीएपी का मूल्य 1350 रुपए प्रति बोरा है, वहीं बाजार में उसका मूल्य 2500 रुपए है। यूरिया भी सोसाइटी में प्रति बोरी 266 रुपए है, जबकि बाजार में 450 से 5500 रुपए है। पोटाश सहित अन्य दवाइयों की कीमत भी बाजार में डेढ़ से दोगुना अधिक है।

# रामधुनी मंडली विधायक से मिले, संगीत वाद्य के लिए 20 हजार रुपए का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शिव शंकर मानस मंडली ग्राम सिर्रीखुर्द का विगत 25 वर्षो से भोरकल में लगभग 4 बजे में उठ कर शिव मंदिर में रामनाम संकीर्तन,मानसपाठ का पठन निरन्तर करते भजन-कीर्तन में तल्लीन रहते हैं। इसमें ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्ग 60 से अधिक उम्र के व्यक्ति जुड़े हुए हैं। वर्तमान इनकी प्रेरणा से युवा भी अनुसरण कर उनके पथ पर चल रहे हैं। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लें रहे हैं। इस समीति के पास पर्याप्त वाद्य संगीत गायन, संचार व्यवस्था साउण्ड नहीं होने से इसकी कमी महेशा महसूस हो रहा था। गुरूवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर सभापति नंदू यादव, सरपंच देवेन्द्र वर्मा के साथ राजिम विधायक रोहित साहू से भेंट मुलाकात कराई गई। विधायक ने इन बुजुर्गों की लगन साधना सुनकर प्रभावित हूये और वाद्ययंत्र,गायन साउण्ड के लिए 20 हजार स्वीकृत कराने आश्वासन दिया है इसके लिए स्थानिय निवासी विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार कंडरा का सराहनीय प्रयास रहा है। चुंकि यह राशि वाद्ययंत्र साउण्ड के पर्याप्त नहीं इसे 50 हजार तक बढ़ाने की मांग अनुरोध विधायक से मानस मंडली ने की है। भेंट मुलाकात करने वालो में समीति की ओर से जनपद सभापति नंदू यादव, सिर्री खुर्द सरपंच देवेंद्र वर्मा, उत्तम साहू, आनंद राम साहू, मया राम साहू, महेंद्र साहू, चुनूं विश्वकर्मा, जोहान साहू, मुरहा साहू, मेहतर साहू, रामचरण साहू, चूमन साहू, द्रोण साहू, तुलाराम साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# 120 वर्ष पुरानी ओड़िया भाषा की 11 दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां पोर्टल में होंगी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत जिले में प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य जारी है। इसके तहत विभिन्न ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का संग्रहण कर उन्हें ज्ञानभारतम् पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।

इसी क्रम में रायपुर निवासी कमल वैद्य के पास 120 वर्ष पुरानी ओड़यिा भाषा में 11 पांडुलिपियां मिली है, जिसे वे वर्षों से संभाल कर रखे हुए हैं। इन पांडुलिपियों को अब ज्ञानभारतम पोर्टल में दर्ज किया जाएगा।



- कलेक्टर ने पांडुलिपियों का अवलोकन कर कमल वैद्य को किया सम्मानित

### कलेक्टर ने किया अवलोकन

कलेक्टर गौरव सिंह ने कमल वैद्य के कार्यालय पहुंचकर पाण्डुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें शॉल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित यह अभियान प्राचीन ज्ञान-संपदा के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण के माध्यम से भावी पीढ़ियों के लिए हमारी अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों, ताम्रपत्रों को संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त अंजलि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन कार्ड सदस्य की तरह अब पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य

- पंजीयन विवरण को आधार कार्ड से मेल कराने विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड सदस्यों की तरह श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के तहत श्रमिकों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### संशोधन कराने 20 रुपए शुल्क निर्धारित

ईकेवायसी के पूर्व पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन कार्ड की जानकारी जैसे नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर आदि का आधार कार्ड में दर्ज विवरण के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में संचालित लोक सेवा केंद्रों एवं सीएससी, च्वाईस सेंटरों को इस कार्य के लिए अधिकृत किया है। पंजीयन विवरण में संशोधन एवं सत्यापन के लिए 20 रुपए प्रति शुल्क निर्धारित किया है। श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र या च्वाईस सेंटर में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण को आधार कार्ड के अनुरूप सत्यापित एवं संशोधित कराएं।



फाइल फोटो

### ई-केवायसी कराना अनिवार्य

पंजीकृत श्रमिकों को ई-केवाईयसी कराना अनिवार्य है। ई-केवायसी कराने वाले श्रमिकों को ही योजनाओं का लाभ मिलेगा। ईकेवायसी से अब मृत एवं डुप्लिकेट नाम हट जाएंगे।

- **देवेंद्र देवांगन,** प्रभारी श्रमायुक्त, श्रम विभाग रायपुर

### ईकेवायसी से डूप्लीकेट के अलावा मृत श्रमिकों के नाम भी सामने आएंगे

ई-केवायसी से अब प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को आधार से जोड़ा जाएगा। इससे डूप्लीकेट नाम वाले श्रमिकों के अलावा जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं। ऐसे श्रमिकों के नाम ऑटोमेटिक पोर्टल में ब्लॉक हो जाएंगे। इस तरह पात्र पंजीकृत श्रमिक ही योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

### फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद कराया जा रहा केवायसी

श्रम विभाग में श्रमिकों के पंजीयन कराने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ चुका है। एक हितग्राही ने अपने नाम से दो से अधिक बार पंजीयन करा लिए थे। रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2026 की स्थिति में श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार विभाग मंडल अंतर्गत 45 हजार 291 निर्माण श्रमिक, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 12 हजार 797 असंगठित कर्मकारी तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 4 हजार 547 संगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। इन पंजीकृत श्रमिकों में बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रमिक थे, जिनके नाम एक से अधिक बार पंजीयन हैं। अधिकारियों का कहना है कि आधार से लिंक नहीं होने के कारण हितग्राही का एक से अधिक बार पंजीयन हो गए हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान जैसे-जैसे डूप्लीकेट पंजीकृत श्रमिकों के नाम सामने आ रहे हैं, उन्हें निरस्त किए जा रहे हैं।

पेज 13 के शेष...

### वीरांगना रानी ...

प्रस्तावित ग्राम सभा की तिथि में परिवर्तन कर किसी अन्य उपयुक्त तिथि पर आयोजित करने का आदेश जारी किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन इस मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए उचित निर्णय लेगा, जिससे वीरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस के कार्यक्रमों में व्यापक सहभागिता के साथ-साथ ग्राम सभा का उद्देश्य भी प्रभावी रूप से पूर्ण हो सके। प्रमुख पन्ना लाल ध्रुव अध्यक्ष, सरपंच संघ, दीपक ध्रुव सचिव सरपंच संघ, चम्पेश्वर ध्रुव, गंगा राम नेताम महासचिव, आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक, भोजराम नागेश सरपंच कानसिंघी, माखन दीवान सरपंच कसेकरा, गोवर्धन कंवर सरपंच अकलवारा, चन्द्रहास बरीहा सरपंच सोरिद खुर्द, संतोष कंवर सरपंच फुलझर, अजय कुमार ठाकुर, कमलेश कुमार ठाकुर सरपंच कोसमी, रवि सिंह मरकाम सरपंच मेढ़की डबरी, निर्मला बाई सरपंच अमेठी, सरिता ध्रुव सरपंच टोनही डबरी, शशि प्रभा सरपंच दुल्ला, लता ध्रुव सरपंच पक्तियां, जग बाई ध्रुव, गोदावरी दीवान, हेम लता ध्रुव सरपंच दादर गांव, लालता नागेश सरपंच चौरादा, डिगेश्वरी ठाकुर सरपंच परसदा खुर्द, इन्देश्वरी कंवर , समस्त सरपंच संघ छुरा, पंचगण, आदिवासी समाज के पदाधिकारी हैं।

### हिमाचल की 17...

निकलकर राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोहण अभियान में भाग लेना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। सीमित संसाधनों के बावजूद इन बेटियों ने साहस, समर्पण और मेहनत से नई पहचान बनाई है। पूरे जिले को उम्मीद है कि यह दल सुरक्षित रूप से फ्रेंडशिप पीक की चोटी तक पहुंचकर तिरंगा फहराएगा और छत्तीसगढ़ के साथ गरियाबंद का नाम देशभर में गौरवान्वित करेगा। कनक लता सिंह ने कहा की मेरी हमेशा से इच्छा रही है कि जीवन में कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण किया जाए। पर्वतों की ऊंचाइयां मुझे आकर्षित करती हैं। माता-पिता का पूरा सहयोग मिला है। मेरा लक्ष्य फ्रेंडशिप पीक पर तिरंगा फहराकर छत्तीसगढ़ और गरियाबंद जिले का नाम रोशन करना है। बर्फीली चोटियों को चुनौती देने का है इरादा शिखर फतह कर लिखेंगी बेटियां सफलता का नया वादा।

### शहीद स्मारक को...


गरिमा एवं ऐतिहासिक महत्व प्रभावित होगा, जिससे ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों की भावनाएं आहत होंगी। साथ ही, तकनीकी दृष्टि से भी पुल निर्माण हेतु अन्य वैकल्पिक स्थल उपलब्ध लब्ध हैं, जहां पुल का निर्माण किए जाने से आवागमन की सुविधा भी बनी रहेगी और स्मारक सुरक्षित रहेगा,अतः हम समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि आपसे विनम्र निवेदन है, 1. प्रस्तावित सूखा नाला पुल के वर्तमान निर्माण स्थल का पुनः परीक्षण कराया जाए। 2. शहीद महेंद्र ध्रुव स्मारक को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाने हेतु पुल निर्माण के लिए वैकल्पिक स्थल का चयन किया जाए। 3. संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक संशोधनग्राम कोसमबुड़ा (छुरा) में प्रस्तावित सूखा नाला पुल के निर्माण स्थल को परिवर्तित करने एवं शहीद महेन्द्र ध्रुव स्मारक को सुरक्षित रखा जाय भारत धुव्र, जगतू राम, हिरऊं राम हैं। इसी तरह सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्राम कोसमबुडा (छुरा) में प्रस्तावित सूखा नाला पुल निर्माण में आने वाले दुकान, होटल, मकान, मंदिर एवं शहीद स्मारक महेन्द्र सिंह ध्रुव के क्षति होने के कारण स्थल का परिवर्तित करने की महान कृपा करेंगें।

# 24 को ग्राम सभाओं में होगा आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में आवास प्लस 2.0 सर्वे के अंतर्गत चिन्हित परिवारों की सूची का वाचन किया जाएगा तथा ग्रामसभा के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की सूची का अंतिम अनुमोदन किया जाएगा। इस दौरान जिले में कुल सर्वेक्षित 85 हजार 813 परिवारों का सत्यापन किया जाएगा। ग्रामसभा में सर्वे सूची का सार्वजनिक वाचन कर ग्रामीणों से आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त किए जाएंगे, जिससे पात्र एवं आवास विहीन परिवारों का पारदर्शी एवं निष्पक्ष चयन सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम सभा का आयोजन निर्धारित तिथि पर सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करें। ग्रामसभा द्वारा अनुमोदित सूची के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आवास प्लस 2.0 सर्वे ऐसे पात्र परिवारों की पहचान करना है, जो अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभ से वंचित हैं। सत्यापन एवं ग्रामसभा अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र परिवारों की सूची शासन को प्रेषित की जाएगी। जिला प्रशासन गरियाबंद ने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि वे 24 जून को आयोजित ग्राम सभा में उपस्थित होकर आवास प्लस 2.0 सूची के सत्यापन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## खबर संक्षेप



### दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन देखने भारी भीड़, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

**सरायपाली।** नगर के नई मंडी के सामने मुख्य मार्ग के पास अचानक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलीन देखा गया, जिसे स्थानीय युवाओं की सूचना पर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। मिली जानकारी अनुसार शहर के गौरव पथ में स्वीटी ऑटो के पास रात्रि करीब11:30 बजे कुछ लोगों ने एक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलीन को देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पैंगोलीन का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्युष टांडेय ने बताया कि रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पैंगोलीन को उसके प्राकृतिक रहवास गोमर्डा अभ्यारण्य में सुरक्षित छोड़ा गया।

### नार्थ जोन में चलाया मुसाफिर जांच अभियान

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र के टीआई एवं उनके स्टाफ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत व्यापक मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम द्वारा बाहरी घुमंतू व्यक्तियों, डेरे एवं अस्थायी रूप से निवास कर रहे लोगों की चेकिंग की गई। साथ ही बाहरी गिरोहों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बाहरी व्यक्तियों से क्षेत्र में आने का कारण, अन्य राज्यों एवं जिलों में उनके आवागमन एवं संभावित आपराधिक संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। संबंधित व्यक्तियों के आधारकार्ड एवं अन्य पहचान पत्रों का सत्यापन कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए गए।

### नगरीय प्रशासन विकास विभाग का तत्कालीन चीफ इंजीनियर गिरफ्तार

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर को एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने टेंडर के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को जांच एजेंसी ने गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 27 तारीख तक पुलिस रिमांड हासिल की है। आरोप है कि गिरफ्तार चीफ इंजीनियर ने वर्ष 2019 से 2023 तक अपने पद रहते हुए पद का दुरुपयोग कर टेंडर दिलवाने के बदले रिश्वत ली थी।

**सम्मेलन : मोदी सरकार के 12 वर्षों को बताया बेमिसाल**

# कांग्रेस ने देश को उलझाया, पीएम मोदी ने बढ़ाया मान : लक्ष्मी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत संकल्प' विषय पर एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, देशव्यापी विकास कार्यों और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को लेकर विस्तार से रणनीति साझा की गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने देश को कई जटिल मुद्दों पर उलझाए रखा और विकास की गति रोकी। इसके विपरीत, राष्ट्रभाव से समर्पित होकर निरंतर काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पटल पर भारत का सिर ऊंचा किया है और हर देशवासी को फक्र से जीना सिखाया है।

**जिलेभर से पहुंचे दिग्गज नेता और हजारों कार्यकर्ता-** इस भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, प्रीतम सिन्हा, पंडित योगेश शर्मा, राजेश साहू, पदुलोचन जगत, ईश्वर साहू, सुरेंद्र सोनटेके, आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भरत यादव, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल, उत्तम निषाद, जितेंद्र सोनकर, सोमप्रकाश साहू, चैनसिंह कश्यप, तानसिंह मांझी, शोभाचंद पात्र, आसिफ मेमन, अरविंद तिवारी, सुशील यादव, नेहा सिंघल, जयराम साहू, कुंजबिहारी बेहरा, सीताराम यदु, भगवानो बेहरा, जगमोहन पटेल, भोजराज सिन्हा, नवीन मांझी, संतोष यादव, धनराज विश्वकर्मा, अनिता उपाध्याय, योगनीता मांझी, शीतला पाण्डेय, पदमलया निधि, दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम, मनोज निर्मलकर सहित गरियाबंद जिले के कोने-कोने से आए बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, त्रि-स्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि और हजारों सजग कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**देवभोग में बीजेपी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन**



### गांव, गरीब और किसान का हो रहा उत्थानः चंदूलाल साहू

छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां इतनी हैं कि उन्हें गिनाने में पूरा समय भी कम पड़ जाएगा। आज केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, पीएम आवास, हर घर जल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और किसान कल्याण के क्षेत्रों में देश के भीतर अभूतपूर्व व क्रांतिकारी कार्य हुए हैं।

### बीजेपी सरकार आते ही आवास निर्माण में आई तेजी : रोहित साहू

राजिम विधायक रोहित साहू ने केंद्र व राज्य की साय सरकार की जुगलबंदी की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों सरकारें गरीबों के कल्याण के लिए दिन-रात काम कर रही हैं। उन्होंने 'प्रधानमंत्री आवास योजना' का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही लाखों लंबित आवासों को त्वरित स्वीकृति दी गई, जिससे आज हजारों गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना सच हो रहा है और प्रदेश में निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसके साथ ही, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने भी सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने स्थानीय उत्पादों (लोकल फॉर वोकल) को बढ़ावा देने तथा देश को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



# श्यामनगर, कौंदकेरा और बासीन में बनेंगे महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों और जन-सरोकार की राजनीति के फलस्वरूप राज्य सरकार ने राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फिंगेश्वर विकासखंड के लिए तीन नए महतारी सदनों के निर्माण को अपनी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति से क्षेत्रीय विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ावा मिलेगा। इसी तारतम्य में फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत श्यामनगर, कौंदकेरा और बासीन महिलाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान के लिए शासन द्वारा 90 लाख रुपए की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से तीनों संबंधित ग्रामों में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।स्वीकृत योजना के तहत फिंगेश्वर विकासखंड के इन तीन गांवों में आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त महतारी सदनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक सदन के लिए 30-30 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। विधायक रोहित साहू की इस बड़ी उपलब्धि से क्षेत्र की महिलाओं और ग्रामीणों में हर्ष की लहर है। स्वीकृत किए गए इन महतारी सदनों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा जहां मुख्य रूप से महिला स्व-सहायता समूहों की बैठकें और व्यावसायिक क्रियाकलाप। महिलाओं के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर। ग्रामीण स्तर पर महिलाओं से जुड़े सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन।स्वास्थ्य, पोषण और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जा सकेंगी।

### महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होंगे महतारी सदन : रोहित साहू

विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। विधायक साहू ने कहा कि हमारी



माताएं और बहनें समाज की धुरी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अपनी बैठकों, सांस्कृतिक आयोजनों, स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान की बेहद जरूरत थी। ये महतारी सदन हमारी ग्रामीण माताओं-बहनों के सशक्तिकरण और स्वावलंबन के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही उनका एकमात्र संकल्प है और वे क्षेत्र की जनता की हर छोटी-बड़ी मांग को पूरा करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं यही मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन है। बासीन, श्यामनगर और कौंदकेरा सहित पूरे फिंगेश्वर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, महिला कमांडो, स्व-सहायता समूहों की दीदियों और ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक रोहित साहू का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक जी लगातार क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय हैं और उनकी सजगता के कारण ही इतनी जल्दी इस मांग को मंजूरी मिल सकी है। विभाग द्वारा स्वीकृति मिलते ही अब जल्द ही इन भवनों के निर्माण का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# अतरमरा में बीजेपी महिला मोर्चा का 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा के निर्देशानुसार गुरुवार 18 जून को ग्राम अतरमरा बाजार चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा गरियाबंद मंडल अध्यक्ष दुलारी साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने महिलाओं से संबंधित योजनाओं जैसे महतारी वंदन, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण एवं नारी वंदन योजना की जानकारी दी। जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा ने भी उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर पौष्टिक पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाई गई तथा महतारी वंदन योजना पर आधारित रंगोली सजाई गई। वहीं, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला अतरमरा में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में गांव की प्रबुद्ध महिलाओं का सम्मान भी किया गया। आयोजन के प्रति ग्रामीण महिलाओं और जनसमुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा गरियाबंद मंडल महामंत्री मंजरी गुप्ता ने किया, जबकि अंत में मंडल अध्यक्ष दुलारी साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री पेमिन साहू, उपाध्यक्ष किरणलता साहू, टेमेश्वरी साहू, मंत्री पीलेश्वरी साहू, भावना शर्मा, भुनेश्वरी सिन्हा तथा अर्चना उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान ग्राम अतरमरा की सरपंच केजा सोम, उपसरपंच एस. कुमार सिन्हा, ग्राम पटीला के टीकम सिन्हा, सरकड़ा की सरपंच कीर्तिलता दीवान, बूथ अध्यक्ष रामकुमार यादव, भाजपा कार्यकर्ता जगत सिन्हा, हेमलता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रकृति ही सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



योग साधक परिवार, पतंजलि योग समिति और माय भारत केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शरीर शोधन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का वृहद आयोजन किया गया। संपूर्ण प्राकृतिक तरीके से शरीर के विजातीय तत्वों को बाहर निकालकर स्वस्थ रखने हेतु नगर में पहली बार शिविर आयोजित किया गया था। प्रथम दिवस से नियमित योग के द्वारा रोग निवारण के थीम पर सुबह से आंतों की सफाई, कब्ज तोड़ने के लिए सूक्ष्म व्यायाम, आसन, आहारचर्या एवं ज्ञानेन्द्रियों की सफाई के लिए नस्य, जल नेति, नेत्र प्रक्षालन, रबरनेति, सूत नेति, लपेट पद्धति, मिट्टी-पट्टी इत्यादि के द्वारा विभिन्न रोगों से निजात पाने के गुर सिखाए गए। शरीर में सालों से जमी विजातीय तत्व को दूर करने के लिए एनिमा, शंख प्रक्षालन, पाद्भ कांसे के बर्तन से पैरों के तलवों से गंदगी बाहर करना, कुंजल क्रिया द्वारा अमाशय की सफाई की गई। आयुर्वेदरत्न, नाड़ी विशेषज्ञ केआर सिन्हा ने शिविर समापन पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ही सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक है। मानव शरीर में किसी भी बीमारी को ठीक करने और संतुलित करने की प्राकृतिक क्षमता होती है। मौसमी फलों का समुचित मात्रा में सेवन करना चाहिए। गुरु ग्राम से प्रशिक्षित आहार विशेषज्ञ लोचन देवी ने सात्विक आहारचर्या से स्वास्थ्य लाभ व रोग निदान कराया। बलौदाबाजार से स्वास्थ्य लाभ लेने आए शिक्षक छम्मन लाल साहू ने बताया कि सदैव कमजोरी महसूस होते रहता था। शरीर सुस्त एवं चिड़चिड़ापन ज्यादा रहता था किन्तु तृतीय दिवस से ही शरीर में स्फूर्ति आ गई और आनंद की अनुभूति प्राप्त हुआ। शिविर के सफल आयोजन में हेमलाल पटेल, देवनारायण यदु, संतराम कंवर, नरेन्द्र साहू, ललित साहू, कृष्णेष यादव, जागेश्वर ध्रुव, अर्जुन धनंजय सिन्हा, कोमल यादव, राजकुमार ध्रुव, जानू बघेल, मदन सिंह राजपूत, झम्मन ठाकुर, रेणु चक्रधारी, त्रिवेणी सिन्हा, नमेश्वरी दीवान, बबली यादव का विशेष योगदान रहा।

# श्री सत्यनारायण महाप्रभु का 77वां स्थापना महोत्सव, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर कंसारी समाज एवं श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में श्री सत्यनारायण महाप्रभु जी की मूर्ति स्थापना का 77वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया और वातावरण में आस्था एवं भक्ति की अदभुत छटा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 4 बजे श्री सूर्योदय मानस मंडली एवं सत्यनारायण मानस मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं प्रभात फेरी के साथ किया गया। इसके पश्चात मंदिर के पं. भागवत प्रसाद मिश्रा द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में भगवान श्री सत्यनारायण जी का पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन कराया गया। मंगला आरती के बाद भगवान का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके बाद मंदिर परिसर से भगवान विष्णु की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्ग गंज रोड, सब्जी मंडी, सदर रोड, कुम्हारपारा चौक, बस स्टैंड, काली मंदिर, मां कर्मा मंदिर होते हुए कृषि उपज मंडी एवं पंजवानी चौक से गुजरकर पुनः मंदिर परिसर में वापस पहुंची। शोभायात्रा के आगे सुहेला सरायपाली की उड़िया मंडली द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित पड़ोसी राज्य ओड़िशा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सामाजिक जन शामिल हुए।

■ भक्ति-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से गूंजा नगर





### विधायक ने दी 15 लाख की सौगात, पूर्व विधायक भी पहुंचे

कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर परिसर में सभा भवन छत निर्माण के लिए 15 लाख की राशि देने की घोषणा की, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहा। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू भी अपनी टीम एवं नगर पालिका पार्षदों के साथ पहुंचे और भगवान श्री सत्यनारायण जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन ने नगर में धार्मिक उत्साह, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर कंसारी समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी, कलीदान कंसारी, नंदकुमार कंसारी, राजकुमार कंसारी, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, बलराम सारस, रमेश कंसारी, महिला संगठन की अध्यक्ष सरोज कंसारी, युवा संगठन के तरुण कंसारी, गोविंदा कंसारी, संतोष कंसारी सहित सूर्योदय मानस मंडली एवं सत्यनारायण मानस मंडली के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 26 जून तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए जिले में 26 जून तक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान विषय पर विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं, नगरीय निकायों एवं पंचायतों के सहयोग से अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, पंचायत, आबकारी तथा नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशापान के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साइकिल एवं बाइक रैली, योग सत्र, संगोष्ठियां तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रेडियो, दूरदर्शन, सोशल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों के जरिए भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रमों के तहत प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नशामुक्ति संबंधी साहित्य का वितरण किया जाएगा। नशा एवं एड्स प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग फॉर वेलनेस विषय पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास के साथ नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरक व्याख्यान भी दिए जाएंगे। सभी आयोजनों में प्रतिभागियों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्वयंसेवकों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थाओं तथा अन्य स्थानीय संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिले के प्रशिक्षित मास्टर वालेंटियर्स को नशा मुक्ति मित्र के रूप में पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को ऑनलाइन शपथ के लिए क्यूआर कोड एवं लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितधारकों को भारत सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कोसरंगी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोसरंगी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवम प्राथमिक शाला में नव प्रवेशित हुए बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्वागत कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष टुकेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि द्वारका साहू, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ठाकुर राम साहू, राजेंद्र गिरी गोस्वामी एवम सभी शिक्षकगण, पालकगण उपस्थित रहे।

### गढ़फुलझर स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

**बसना।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के निर्देश अनुसार सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। गढ़फुलझर स्कूल में बहुत हर्षो उल्लास के साथ बच्चों को तिलक गुलाल लगाकर नया शिक्षा सत्र की शुरुआत शुरू हुई। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर सिंह कंवर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव, नोडल प्राचार्य सुरेश कुमार पटेल, अरुण कुमार प्रधान, नरेंद्र कुमार पटेल प्रभारी प्रधान पाठक, जितेंद्र कुमार भोई, रोहित कुमार साहू, कृष्ण किशोर यादव, गोकुल नंद, भारती कुर्रे आदि मौजूद रहे।

### हितग्राहियों को 30 तक ई-केवाईसी कराने की अपील

**महासमुंद।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के कुल 3 लाख 18 हजार 576 हितग्राही हैं, जिनमें से 2 लाख 92 हजार 97 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। 26 हजार 479 हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभी शेष है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपने नजदीकी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) पहुंचकर ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं। ताकि योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करते रहें।

**कार्यक्रम : मैनपुर पहुंचे भंडार गृह निगम अध्यक्ष ने गिनाईं उपलब्धियां**

# प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में लीडर के रूप में अपनी पहचान बनाई : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इन वर्षों में देश ने विकास आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नई उंचाईयों को प्राप्त किया है। उक्त बाते मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदुलाल साहू ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कही। श्री साहू ने आगे कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष गरीब कल्याण सुशासन महिला सशक्तिकरण युवा शक्ति को समर्पित रहा है। एक गरीब परिवार से निकलकर मोदी जी ने देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक पद पर पहुंचकर गांव गरीब युवा किसान मजदूर महिला उद्यमी सबकी पीड़ा को संवेदनशीलता के साथ समझा एवं योजनाएं तैयार की। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, स्वच्छता मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गरीब कल्याण अन्ना योजना आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप, लखपति दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि योजनाएं धरातल पर लागू की है।



**21 जून को सभी 139 वेयरहाउसिंग शाखाओं में होगा योग**

वहीं करोड़ों भारतीयों का आशा विश्वास का केंद्र बने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ अंत्योदय के मूल मंत्र की भावना को आत्मसात किये मोदी जी ने गरीबी हटाई। श्री साहू ने आगे कहा की मोदी जी एक भारत के ही लीडर नहीं वरन एक वैश्विक लीडर के रूप में भी अपनी पहचान बनाई है। आज 33 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से मोदी जी को सम्मानित कर यह बता दिया कि मोदी जी भारत को एक महा शक्ति के रूप में मजबूत कर रहे हैं। श्री साहू ने आगे बताया की 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के मुख्यालय सहित सभी 139 शाखाओं में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम, भाजपा प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, तुलसी राठौर, नंदकिषोर चौबे, रामदास वैष्णव, रामस्वरूप साहू, बाबूलाल साहू, देवचरण साहू, रामजी साहू, मनोज निर्मलकर, राकेश दुबे, दिलीप साहू एवं प्रितम दीवान, चंद्रशेखर साहू, महेश यादव एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व योग दिवस पर ओपन जिम का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के वार्ड क्रमांक 4, रावणभाटा में विश्व योग दिवस के दो दिन पूर्व नगरवासियों के स्वास्थ्य एवं मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए ओपन जिम का लोकार्पण कर नगर को समर्पित किया गया। नागरिकों के स्वास्थ्य का संरक्षण करना एवं स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रही है। इसी उद्देश्य के साथ आज फीता काटकर इस ओपन जिम का शुभारंभ किया गया।इस ओपन जिम में बच्चों एवं युवाओं के लिए झूला, फिसलपट्टी तथा व्यायाम हेतु आवश्यक जिम उपकरण स्थापित किए गए हैं। साथ ही संध्याकाल में उपयोग हेतु प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण भी किया गया।साथ ही सभी नगरवासियों से निवेदन है कि इस ओपन जिम का नियमित उपयोग कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहयोग करें।इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार सलामे, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, पार्षद सलीम मेमन, यामीन(ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, वेदप्रकाश मरकाम, दानेश्वर निर्मलकर, रमेश निर्मलकर, वरिष्ठ नागरिक भवानी शंकर सेन, राजू यादव, हीरालाल नायक, सुखीत निषाद, मोतीराम साहू, निखिल साहू, लालू राठौर, धर्मदास थदानी, पीयूष सिन्हा, मानसिंह दीवान एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## ढोलसरई संकुल के प्रवेशोत्सव में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संकुल केंद्र ढोलसरई में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कक्षा 5वीं एवं 8वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोमेंटो, पेन, कॉपी एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं हर्ष का माहौल रहा। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं स्वागत कर विद्यालय में नियमित उपस्थिति, अनुशासन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, पालक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा को सम्मान देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गोना नरेश नेताम, मानसिंह मरकाम, सुकदेव पटेल, सुरेखा मरकाम, भुनेश्वरी मरकाम, मथुरा मरकाम, सुनीता नेताम, खम्मन लाल साहू (प्राचार्य), व्याख्याता रविकांत नाग, रसीद खान, संकुल समन्वयक गोना भूपेंद्र देवांगन, शोभा सूरज पात्र, पेशवर यादव, श्रवण देवान, सुभाष भारद्वाज, विजय खराँशू, रोहेन्द्र पटेल, लक्ष्मी नारायण साहू, मनोज सोनवानी, रामरतन नेताम, संतोष कुमार तारक, आलोक शर्मा, धनसिंग नेगी, संतोष निषाद, सेवक दीवान, जगदेव नेताम, मुकेश सिन्हा, लकेश नागेश, रामचरण यादव, राजेश श्रीवास एवं लक्ष्मी नारायण नागेश सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन संकुल परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ।

### झलप अस्पताल की बदहाली सरकारी उदासीनता का परिणाम : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने झलप के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की कमी के मामले को लेकर कहा हैकि झलप के 20 बिस्तरों वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज भाजपा सरकार की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। 80 गांवों की जीवनरेखा यह अस्पताल आज खुद वेंटिलेटर पर है। दस्तावेजों में डॉक्टर और आरएमए पदस्थ हैं, लेकिन हकीकत यह है कि चिकित्सा अधिकारी तीन महीने से पीजी पढ़ाई के नाम पर गायब हैं और आरएमए दो माह से छुट्टी पर हैं। तीसरे आरएमए को भी उसकी मूल जगह वापस भेज दिया गया था। मूलतः देखा जाए तो यह 20 बिस्तरों का अस्पताल केवल दो ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भरोसे ही चल रहा है। सुबह 10 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद यहां ईलाज की सुविधा नहीं मिल पाती। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि एक तरफ सरकारी अस्पतालों में नियर एक्सपायरी दवाओं की सप्लाई कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की भर्ती न कर सरकारी स्वास्थ्य सेवा को जानबूझकर बदहाल कर दिया गया है।

## साहू सदन के निरीक्षण में पहुंचे विधायक रोहित का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



राजिम विधायक रोहित साहू शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मैनपुर पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया इस दौरान क्षेत्र भर से पहुंचे ग्रामीणो और भा ज पा कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया पश्चात साहू सदन भवन के निरीक्षण में पहुंचे। साहू समाज के लोगों ने कई समस्याओं से उन्हे अवगत कराया तो वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं ने भी विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर क्षेत्र के कई समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर समस्या समाधान करवाने की मांग किया। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा की भाजपा सरकार के योजनाओं का लाभ आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को चाहिए कि गांव-गांव पहुंचकर सरकार की योजनाओं को लोगों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने कार्य किया जाए। श्री साहू ने कहा की पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नई उंचाईयों को प्राप्त किया है। उन्होने कहा की भाजपा सबके साथ सबका विकास और सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र के साथ प्रदेश और देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे है प्रदेश के किसान मजदूर और सभी वर्गों के लोग खुश है। श्री साहू ने कहा की महतारी वंदन योजना का लाभ हर गांव तक पहुंच रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, प्रदेश महामंत्री नंदनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, मनोज निर्मलकर, रामदास वैष्णव, नंदकिशोर चौबे, चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भरत यादव, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल, उत्तम निशाद, सुधीर ठाकुर, घनश्याम मरकाम, बाबूलाल साहू, दिलीप साहू, रामस्वरूप साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुड़गेलमाल में पुलिस और ग्रामीणों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



नशे के विरुद्ध नया सवेरा अभियान अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम मुड़गेलमाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामवासियों के सहयोग से नशे के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम के जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा नशे के दुष्परिणामों से संबंधित संदेशों एवं नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए हानिकारक है तथा इससे अपराध, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं सामाजिक विघटन की स्थिति उत्पन्न होती है। गरियाबंद पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की, कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य नशीले पदार्थों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करने तथा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## कसेर समाज नवापारा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री सत्यनारायण महाप्रभु स्थापना दिवस के 77 वें वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर श्री सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति द्वारा सत्र 2025-26 में आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कसेर समाज नवापारा के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान यशस्विनी कंसारी, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान मोक्ष कंसारी, आंचल कंसारी, केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा आठवीं में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मोना कंसारी, भावेश कंसारी, द्वितीय स्थान विराट कंसारी, बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान मोहित कंसारी, द्वितीय स्थान अनुष्का कंसारी, बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान शुभम कंसारी, द्वितीय स्थान कनक कंसारी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को श्री सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति कसेर समाज नवापारा द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। समिति की संरक्षक धर्मिन कंसारी ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों के उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरणा स्वरूप प्रतिवर्ष समिति द्वारा बच्चों का सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव नागेन्द्र कंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में समिति के अध्यक्ष गोपाल कंसारी, उपाध्यक्ष राजेश कंसारी, संजीव कंसारी, सुनयना कंसारी,सुश्री कल्याणी कंसारी, डिकेश कंसारी, संजय कंसारी, वेश कंसारी ने योगदान दिया। यह कार्यक्रम कसेर समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी, श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, युवा संगठन के अध्यक्ष तरुण कंसारी, महिला संगठन अध्यक्ष सरोज कंसारी, हर्षा कंसारी, कलीदान कंसारी, बबला सारस, बाबूलाल कंसारी, मुन्ना साव, राजकुमार कंसारी, बलराम सारस, गोविंदा कंसारी, नंदकुमार कंसारी, मीडिया प्रभारी तुकाराम कंसारी एवं कसेर समाज के समस्त गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

**सफल प्रतिभागियों को मिलेगी फ्री टूल किट**

# उदंती रिजर्व में युवाओं और महिलाओं के लिए मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जंगल से निकली रोजगार की नई राह उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में युवाओं और महिलाओं के लिए मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण का आज शुभारंभ किया गया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अब सिर्फ वनजीव संरक्षण तक सीमित नहीं बल्कि युवा अफसर उपनिदेशक वरूण के विशेष प्रयास से क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। वन विभाग, उदन्ती सीतानदी टाइगर रिजर्व, गरियाबंद द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से पंडित सुन्दरलाल शर्मा एजुकेशनल अकादमी के माध्यम से 05-05 दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ईको सेंटर, कोयबा में आयोजित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ग्राम कठवा, कुल्हाड़ीघाट, सांकरा एवं मान्दागिरी में भी आयोजन किया जाना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत युवाओं को श्इलेट्रिशियन, प्लम्बर एवं मोबाइल रिपेयरिंग से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जबकि महिलाओं को श्ब्यूटी पार्लर एवं सौंदर्य संवर्धन' से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के उपयोग तथा स्वरोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनकर अपने परिवार एवं समाज के विकास में योगदान दे सकें।

**प्रशिक्षण के बाद मिलेगी टूल किट और व्यवसाय शुरू करने में मदद-**

विशेष बात यह है कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक सफल प्रतिभागी को संबंधित ट्रेड के अनुसार आवश्यक टूल किट प्रदान की जाएगी। साथ ही, स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को अपना व्यवसाय अथवा दुकान प्रारंभ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सामग्री सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे प्रशिक्षण के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। वन विभाग ने क्षेत्र के सभी इच्छुक युवक-युवतियों एवं महिलाओं से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। विभाग का विश्वास है कि यह पहल स्थानीय समुदाय के कौशल विकास, रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।





## यूरिया का खर्च होगा आधा, धान के खेत में बिछा दे अजोला घास की चादर



**रसेला।** जून महीने बीतने में 10 दिन शेष हैं और जुलाई माह कुछ दिन बाद आ जाएगा। इस समय किसान धान की खेती की तैयारियां तेज हो जाती है, किसान नर्सरी तैयार करने से लेकर खेती की जुताई और रोपाई की योजना बनाने में जुट जाते हैं। ऐसे समय सबसे बड़ी चिंता खेती की बढ़ती लागत होती है, खासकर यूरिया और अन्य रासायनिक खादों पर होने वाला खर्च, धान की अच्छी पैदावार के लिए किसानों को बड़ी मात्रा में नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है,जिसे पूरा करने के लिए आमतौर पर यूरिया का उपयोग किया जाता है। लेकिन अब कृषि वैज्ञानिक किसानों को एक ऐसे प्राकृतिक विकल्प की सलाह दे रहे हैं, जो न केवल यूरिया पर होने वाले खर्च को कम कर सकता है बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में भी मददगार साबित हो सकता है। इस प्राकृतिक विकल्प का नाम है अजोला, धान की खेती में अजोला का उपयोग धीरे धीरे लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि यह कम खर्च में फसल को जरुरी पोषक तत्व उपलब्ध कराता है और खेती को अधिक लाभदायक बनाने में सहायता करता है। कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि अजोला एक प्रकार का जलीय पौधा है, जो पानी की सतह पर तेजी से फैलता है, इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले सूक्ष्म जीव मौजूद रहते हैं, यही कारण है कि अजोला खेत में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन उपलब्ध कराता है। धान की रोपाई के कुछ दिनों बाद यदि खेत में अजोला छोड़ दिया जाए तो यह तेजी से पूरे खेत में फैल जाता है।